# INTERMEDIATE EXAMINATION – 2019 (ANNUAL)

## SANSKRIT (Model Set)

## (संस्कृत)

## I.Sc. & I.Com

**समय : 3 घंटे 15 मिनट** **पूर्णांक – 100**

*परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :–*

***Instructions for the candidates :-***

1. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।
2. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।
3. इस पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।
4. यह प्रश्न–पत्र दो खण्डों में विभक्त है, खण्ड–अ एवं खण्ड–ब।
5. खण्ड–अ में 50 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

   (प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है, इनका उत्तर उपलब्ध कराये गये OMR–शीट में दिये गये सही वृत्त को काले / नीले बॉल पेन से भरें। किसी भी प्रकार के व्हाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का उत्तर–पुस्तिका में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।)
6. खण्ड–ब में कुल 7 विषयनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के समक्ष अंक निर्धारित हैं।
7. किसी तरह के इलेक्ट्रॉनिक–यंत्र का प्रयोग वर्जित है।

## खण्ड–अ (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

प्रश्न संख्या 1 से 50 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनके साथ चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। अपने द्वारा चुने गये सही विकल्प को OMR–शीट पर चिन्हित करें। [50X1=50]

*निम्नलिखित वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दें:–*

1. उदयन कौन था ?

अ. विदेहराज ब. वत्सराज स. धर्मराज द. मगधराज

2. तपस्वी स्नान करने कहाँ गए थे ?

अ. यमुना ब. जाह्नवी स. सरस्वती द. कावेरी

3. भू का आवरण किसे कहा जाता है ?

अ. जल ब. वनस्पति स. पर्यावरण द. वायु

4. 'न्यायालय–दृश्यम्' पाठ कहाँ से संकलित है ?

अ. मृच्छकटिकम् ब. अभिज्ञानशाकुन्तलम्

स. स्वप्नवासवदत्तम् द. मुद्राराक्षस

5. शकार कौन था ?

अ. न्यायाधीश ब. राजश्याल स. राजपुरूष द. राजकुमार

6. 'सोमदत्तप्राप्तिकथा' किस ग्रन्थ से संकलित है ?

अ. महाभारत ब. दशकुमारचरित स. हितोपदेश द. पंचतंत्र

7. सत्यवर्मा ने संतानहीन होने के कारण पुनः किससे विवाह किया ?

अ. काली ब. भवानी स. भारती द. गौरी

8. बृहदारण्यकोपनिषद् के रचनाकार कौन थे ?

अ. याज्ञवल्क्य ब. कौटिल्य स. गौतम द. वात्स्यायन

9. जनक की सभा में शास्त्रनिपुणा कौन थी ?

अ. वैदेही ब. गार्गी स. भारती द. अरून्धती

10. बिहार के सारण जिले में कौन रहते थे ?

अ. मण्डनमिश्र ब. याज्ञवल्क्य स. गौतम द. वात्स्यायन

11. 'हर्षचरित' के रचनाकार कौन थे ?

अ. बाणभट्ट ब. उदयानाचार्य स. गौतम द. मण्डनमिश्र

12. 'परोपकारः' पाठ कहाँ से संकलित है ?

अ. श्रृंगारशतक ब. नीतिशतक स. वैराग्यशतक द. सूर्यशतक

13. 'परोपकारः' पाठ के आधार पर 'मनुष्य' के कितने प्रकार हैं ?

अ. चार ब. तीन स. छः द. दो

14. नृत्यशिक्षकयोर्विवादः' पाठ में विवाद का समाधान किसके द्वारा किया गया था ?

अ. मालविका ब. धारिणी स. परिवाज्रिका द. विदूषक

15. 'हरदत्त' कौन था ?

अ. कला शिक्षक ब. धर्म शिक्षक

स. नृत्य शिक्षक द. विज्ञान शिक्षक

16. धारिणी अग्निमित्र की कौन थी ?

अ. दासी ब. प्रेमिका स. परिव्राजिका द. राज्ञी

17. सर्वधर्म–सम्मेलन में श्रीलंका के बौद्धप्रतिनिधि कौन उपस्थित थे ?

अ. धर्मपाल जैन ब. प्रतापचन्द्र स. नागरकर द. विवेकानंद

18. सर्वधर्म सम्मेलन कब हुआ था ?

अ. 11.9.1993 ब. 11.9.1893 स. 9.11.1983 द. 11.9.1883

19. रोमां रोला कहाँ के साहित्यकार थे ?

अ. श्रीलंका ब. जर्मनी स. फ्रांस द. अमेरिका

20. सुन्दर वन कहाँ है ?

अ. पाटलिपुत्र ब. कलकत्ता स. वाराणसी द. हस्तिनापुर

21. 'शरीरायासजननं कर्म व्यायामसंज्ञितम्' यह पंक्ति किस पाठ से लिया गया है ?

अ. परोपकारः ब. दिलीपवर्णनम् स. वर्षावर्णनम् द. व्यायामः

22. पाटलिपुत्र का श्रेष्ठी कौन था ?

अ. चन्दनदास ब. राक्षस स. चन्द्रगुप्त द. चाणक्य

23. संसार में निर्धनता के समान क्या नहीं है ?

अ. सुख ब. दुःख स. धर्म द. कर्म

24. 'हिम + अंशुः' में कौन सन्धि है ?

अ. गुण ब. यण् स. वृद्धि द. दीर्घ

25. 'नरेन्द्रः' में कौन सी सन्धि हुई है ?

अ. दीर्घ ब. यण् स. गुण द. पररूप

26. 'उत् + श्वासः' में कौन–सी सन्धि है ?

अ. स्वर संधि ब. व्यंजन संधि स. मुख संधि द. विसर्ग संधि

27. 'निश्चलः' में किस संधि का प्रयोग हुआ है ?

अ. स्वर ब. व्यंजन स. विसर्ग द. मुख

28. सन्धि के कितने भेद हैं ?

अ. एक　　ब. दो　　स. तीन　　द. चार

29. 'केऽपि' में कौन–सी सन्धि है ?

अ. पूर्वरूप　　ब. पररूप　　स. अयादि　　द. गुण

30. 'अधिहरि' में कौन समास है ?

अ. द्विगु　　ब. द्वन्द्व　　स. अव्ययीभाव　　द. तत्पुरूष

31. 'राष्ट्रपति' में कौन समास है ?

अ. तत्पुरूष　　ब. अव्ययीभाव　　स. द्विगु　　द. कर्मधारय

32. 'अधर्मः' में समास है।

अ. तत्पुरूष　　ब. कर्मधारय　　स. द्वन्द्व　　द. नञ्

33. 'महावीरः' किस समास का उदाहरण है ?

अ. कर्मधारय　　ब. तत्पुरूष　　स. अव्ययीभाव　　द. बहुब्रीहि

34. 'त्रयोदश' में समास है।

अ. द्विगु　　ब. द्वन्द्व　　स. तत्पुरूष　　द. अव्ययीभाव

35. 'जितेन्द्रियः' किस समास का उदाहरण है ?

अ. द्विगु　　ब. तत्पुरूष　　स. कर्मधारय　　द. बहुब्रीहि

36. 'जित्वा' में कौन प्रत्यय है ?

अ. क्तवतु　　ब. क्त्वा　　स. क्त　　द. कोई नहीं।

37. 'नारी' में कौन सा प्रत्यय है ?

अ. ङीप्　　ब. ङीष्　　स. ङीन्　　द. कोई नहीं

38. 'नमः' के योग में विभक्ति होती है।

अ. तृतीया ब. द्वितीया स. चतुर्थी द. पंचमी

39. 'समया' के योग में विभक्ति होती है;

अ. द्वितीया ब. षष्ठी स. पंचमी द. चतुर्थी

40. सम्प्रदान कारक में कौन सी विभक्ति का प्रयोग होता है ?

अ. द्वितीया ब. तृतीया स. पंचमी द. चतुर्थी

41. 'संबंध' कारक का विभक्ति चिन्ह है ?

अ. में, पर ब. को स. का, के, की द. के लिए

42. 'भू' धातु का लोट् लकार मध्यम पुरूष होगा ;

अ. भव ब. भवत स. भवतः द. भवतु

43. 'दृश्' धातु का लृट् लकार प्रथम पुरूष एकवचन रूप होगा;

अ. पश्यामि ब. द्रक्ष्यति स. दृशयति द. कोई नहीं

44. 'वद्' धातु का विधिलिङ् में प्रथम पुरूष एकवचन रूप होगा;

अ. वदेत् ब. वदेयुः स. वदेतम् द. वदेव

45. 'अस्' धातु लङ् लकार उत्तम पुरूष बहुवचन रूप होगा ;

अ. आस्तम् ब. आस्त स. आस्व द. आस्म

46. 'ट' वर्ण का उच्चारण स्थान है;

अ. कण्ठ ब. मूर्धा स. तालु द. दन्त

47. 'उ' वर्ण का उच्चारण स्थान है;

अ. ओष्ठ ब. कण्ठ स. तालु द. मूर्धा

48. 'देव' शब्द का षष्ठी बहुवचन रूप होगा;

अ. देवेभ्यः ब. देवानाम् स. देवेषु द. देवैः

49. 'कवि' शब्द का तृतीया बहुवचन रूप होगा;

अ. कवयः  ब. कविभ्यः  स. कविभिः  द. कविषु

50. इदम् शब्द का स्त्रीलिंग में प्रथमा विभक्ति एकवचन रूप होगा;

अ. इदम्  ब. अयम्  स. इमे  द. इयम्

## खण्ड – ब (विषयनिष्ठ प्रश्न)

1. निम्नलिखि में से किन्हीं पाँच प्रश्नों का उत्तर एक वाक्य में दें :– (5X1=5)

क. मुनिः कदा निश्चिन्तो जातः?

ख. विकसितेषु देशेषु का महती परम्परा वर्त्तते ?

ग. 'वर्षावर्णनम्' पाठः रामायणस्य कस्मात् काण्डात् उद्धृतः विद्यते ?

घ. 'न्यायालयदृश्यम्' इति पाठस्य नायकः कः अस्ति ?

ङ. मगधराजः कः आसीत् ?

च. जीवनस्य कति पुरूषार्थाः सन्ति ?

छ. नालन्दा–विद्यापीठं कुत्र आसीत् ?

ज. कस्य विभाति कायः ?

झ. गणदासः कः आसीत् ?

ञ. सम्मेलनस्य प्रथमे सत्रे मध्ये कः उपविष्टः ?

ट. 'उद्भिज्जपरिषद्' पाठः कुतः संकलितः ?

2. निम्नांकित में से किन्हीं पाँच शब्दों का संस्कृत में वाक्य प्रयोग करें। (5X1=5)

भ्रमरः, पिबन्ति, वृक्षाः, परोपकारः, कुत्र, सन्तः, न्यासः, अन्तेवासी, माता, अतिथिसत्कारः

3. निम्नलिखित में से किन्हीं एक पद्य का संस्कृत अथवा हिन्दी में व्याख्या करें।

(5x1=5)

अ. रजः प्रशान्तं सहिमोऽद्य वायुर्निदायदोषप्रसराः प्रशान्ताः।

स्थिता हि यात्रा वसुधाधिपानां प्रवासिनो यान्ति नराः स्वदेशान्।।

ब. भवन्ति नम्रास्तरवः फलोद्गमैः

नवाम्बुभिर्दूरविलम्बिनो घनाः।

अनुद्धताः सत्पुरूषाः समृद्धिभिः

स्वभाव एवैष परोपकारिणाम्।।

स. शरीरोपचयः कान्तिर्गात्राणां सुविभक्तता।

दीप्ताग्नित्वमनालस्यं स्थिरत्वं लाघवं मृजा।।

4. निम्नांकित में से किन्हीं एक का हिन्दी में अनुवार करें। (4X1=4)

अ. इति ब्रुवाणं श्येनं प्रोवाच सः। भे विहंगाधमः रक्षणीयाः प्राणिनां प्राणाः, दण्डनीयाः दुष्टाः सम्माननीयाः साधवः, पूजनीयाः गुरवः स्तुत्या देवाः। तत्किमसंबद्धं प्रजल्पसि।

ब. दक्षिणबिहारे राजसम्पोषितं नालन्दाविद्यापीठं बहुकालं मुख्यतो बौद्धधर्मदर्शनाध्ययनकेन्द्रं यत्राचार्याः नानाशास्त्रेषु कुशला महायानसंस्कृतग्रन्थान् रचितवन्तः। शोणनदस्योपतीरं स्थितस्य प्रीतिकूटग्रामस्याभिजनो बाणभट्टः महान् गद्यकारो बभूव।

5. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दें – (5X3=15)

क. निम्नलिखित में किन्हीं एक काव्य का परिचय दें।

i. रामायण ii. मालविकाग्निमित्रम् iii. नीतिशतकम्

iv. मुद्राराक्षसम् v. स्वप्नवासवदत्तम्।

ख. गद्य–साहित्य की विशेषता बताइये।

ग. प्रधानाचार्य के पास आकस्मिक अवकाश हेतु संस्कृत में पत्र लिखें।

घ. दुर्गापूजा के महत्व का वर्णन करते हुये मित्र के पास संस्कृत में पत्र लिखें।

ङ. 'व्यायामः' पाठ का सारांश लिखें।

च. 'श्रेयस्करी स्वस्थितिः' पाठ से प्राप्त शिक्षा का उल्लेख करें।

6. निम्नलिखित में से किन्हीं एक पर संस्कृत में निबंध लिखें। (8)

क. वसन्तऋतुः

ब. विद्याधनम्

ग. भारतीय–संस्कृतिः

घ. परोपकारः

ङ. प्रिय कविः

7. निम्नांकित में से किन्हीं आठ का अनुवाद संस्कृत में करें। (8X1=8)

क. गाँव के चारों ओर वृक्ष हैं।

ख. उसने महीने भर व्याकरण पढ़ा।

ग. राम लक्ष्मण के साथ वन गये।

घ. मुझे दही अच्छा लगता है।

ङ. राजा ब्राह्मण को वस्त्र देता है।

च. बालक बाघ से डरता है।

छ. वृक्ष से पत्ते गिरते हैं।

ज. स्वप्नवासवदत्तम् भास की रचना है।

झ. धन के बिना सुख नहीं होता है।

ञ. वह जटाओं से तपस्वी प्रतीत होता है।

ट. सूर्य के अस्त होने पर वह घर गया।

ठ. राम सीता के बिना दुःखी है।